## जुलाई 2017 से मई 2018

2017 के सत्र का आरंभ स्वागत समारोह के साथ हुआ जिसमें शास्त्रीय नृत्य, फैशन शो, गायन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का स्वरूप प्रतियोगी था यही कारण है कि प्रथम वर्ष की कई छात्राओं में से अंजली आर्या को मिस फ्रेशर चुना गया। 14 सितंबर 2017 को विभाग द्वारा काव्य गायन/वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने साहित्यिक गीतों का सस्वर शैली में पाठ किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में विभाग की पूर्व सदस्य डॉ आशा जोशी, डॉ उमा शशि दुर्गा और डॉ राधिका सिंह को आमंत्रित किया गया। इस प्रतियोगिता में दो प्रोत्साहन पुरस्कार के साथ पांच छात्राओं को पुरस्कृत किया गया

रंगमंच विकल्प (तृतीय वर्ष) की छात्राओं के द्वारा अंडे के छिलके और रीढ़ की हड्डी नाटकों का मंचन किया गया। रीढ़ की हड्डी नाटक की प्रतिभागी छात्राएं थीं– मीनाक्षी पूनिया, मेनका, रीमा, माधुरी, ज्योति, रेणु, कंचन, पूजा एवं रूबी तिवारी।

अंडे के छिलके नाटक की प्रतिभागी छात्राएं थीं– प्रीति कुमारी, पूनम, प्रिया मिश्रा, उषा, कृतिका, सीमा शर्मा, शिक्षा एवं करुणा। (यह उनके आंतरिक मूल्यांकन का हिस्सा था। )

इस वर्ष भी गत वर्ष के समान भारतीय अनुवाद परिषद् के सहयोग से अनुवाद कार्यशाला का आयोजन 9 अक्तूबर से 17 अक्तूबर 2017 के मध्य किया गया। प्रोफेसर पूरनचंद टंडन की अध्यक्षता में यहां कई अनुवाद विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया जिन्होंने छात्राओं को अनुवाद की विभिन्न प्रविधियों से परिचित कराया।

जनवरी 2018 के सत्र के आरंभ में 16 जनवरी 2018 को प्रवासी हिंदी लेखन विषय पर विभाग की ओर से एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें प्रख्यात प्रवासी कथाकार श्री तेजेंद्र शर्मा एवं लेखिका ज़किया ज़ुबैरी वक्ता के रूप में आमंत्रित थे।

21 फरवरी 2018 को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग ने महाविद्यालय के अन्य भाषा विभागों के साथ मिलकर काव्य पाठ का आयोजन किया जिसमें कई आधुनिक भारतीय भाषाओं के साथ कुछ बोलियों में भी कविताएं पढ़ीं। अन्य भारतीय भाषाओं की कविताएं अनूदित थीं।

27 अप्रैल 2018 को बुनो कथा नामक कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें हिंदी समेत अन्य विभागों की छात्राओं की भागीदारी रही। अर्थशास्त्र की छात्रा सिमरन कौर को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। चयनित रचनाएं महाविद्यालय की पत्रिका श्यामा में प्रकाशित की जाएंगी।

16 अप्रैल 2018 को विभागीय स्तर पर साहित्यिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इसमें 9 टीमों ने भाग लिया। तीन टीमें पुरस्कृत की गईं। प्रतियोगी परीक्षाओं की दृष्टि से इस प्रकार के कार्यक्रम अत्यंत छात्रोपयोगी होते हैं।

24 अप्रैल 2018 को तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।